दिनांक 13.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सी एण्ड डी वेस्ट से तैयार किया जा रहा है ईट का ब्लॉक , बाउंड्री वॉल बनाने के लिए किया जाएगा उपयोग'

भिलाईनगर/ आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई एस.के. सुंदरानी ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत सभी जोन आयुक्त को ब–क वेस्ट का पुनः उपयोग करने के निर्देश दिए हैं।

बढ़ते हुए शहरीकरण के साथ–साथ भवनों सड़कों फ्लाईओवर एवं अन्य स्थाई संरचनाओं को नवीन स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व निर्मित संरचनाओं का विध्वंस कर पुनर्निर्माण /नवीनीकरण करने के कारण निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न हो रहे हैं और इनकी मात्रा में निरंतर वृद्धि हो रही है जिसका इसी स्तर पर समुचित निपटान किया जाना आवश्यक है।

निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का पुनः उपयोग ब्रिक्स ,पेवर ब्लॉक, टाइल्स ,ड्रेन कवर ऐसे ही अन्य गैर ढांचागत सामग्री का निर्माण कार्य करने के लिए किया जा सकता है।

सी एण्ड डी अपशिष्ट के उपयोग के लिए पुराना शराब भट्टी ,डॉग हाउस के समीप स्थल को चयनित किया गया है जहां पर इस वेस्ट का उपयोग कर ईट तैयार किया जा रहा है जिसे गैर ढांचागत निर्माण जैसे बाउंड्री वाल आदि में उपयोग किया जाएगा।

जनसम्पर्क अधिकारी